an>

Title: Need to construct railway line between Bilara to Bar in Rajasthan.

श्री पी.पी.चौधरी **(पाली) :** मैं सरकार का ध्यान वर्ष 1997 में तत्कालीन रेल मंत्री श्री रामविलास पासवान जी द्वारा जोधपुर जिले की बिलाड़ा से बर नई रेल लाइन की घोष्Âाणा की ओर आकर्ष्Â िात करते हुए बताना चाहूंगा कि उक्त योजना का शिलान्यास किया जा चुका है, लेकिन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका । बिलाड़ा से बर की दूरी केवल 40 किलोमीटर मात्र है, यदि इन दोनों स्थानों को रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाता है तो हजारों की संख्या में लोगों को रेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा व जोधपुर-जयपुर-दिल्ली की दूरी भी बहुत कम होगी तथा जोधपुर से अजमेर को बेहतर कनेक्टिविटि मिल सकेगी । इस संबंध में रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे भी कराया जा चुका है । रेलवे बोर्ड द्वारा इसे सहमति के साथ योजना आयोग में भेज दिया गया था, लेकिन योजना आयोग द्वारा इस योजना को ""कॉमर्शियल नॉट बाइबल"" बताकर छोड़ दिया गया था । अब इस बात को 15 वÂर्ष का समय बीत चुका है । वहां लाइम स्टोन और सीमेंट के उद्योग विकसित हो चुके हैं । यदि पुनः सर्वे करवाया जाएगा तो मुझे पूरा विश्वास है कि बिलाड़ा-बर रेल लाइन कॉमर्शियली बाइबल भी होगी और सोशयली बाइवल भी ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में वÂर्ष 1997 में की गई घोÂषणा का क्रियान्वयन करने के निर्देश प्रदान करने की कृपा करें ।